<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक– 10 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण। कहा– जुलाई दो हजार छब्बीस के सत्र में पठन–पाठन की प्रक्रिया की जाय शुरू।
- केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल प्रयागराज में यूपी पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के कार्यक्रम में हुए शामिल। कहा– जल्द शुरू होगा राष्ट्रीय गोकुल मिशन का दूसरा चरण।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचीस नवम्बर को अयोध्या में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने किया राम मंदिर का निरीक्षण। कहा–साल के अन्त तक पूरा हो जायेगा राम मंदिर का निर्माण।
- प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा–जैव विविधता से परिपूर्ण है उत्तर प्रदेश का पशुधन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जुलाई 2026 के सत्र में विश्वविद्यालय में पठन–पाठन का कार्य प्रारम्भ करने के लिये युद्धस्तर पर प्रयास किये जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण साबित होगा। किसानों की समृद्धि और युवाओं के लिये रोजगार का अवसर देने का माध्यम बनेगा।

***निर्माण कार्य तेजी के साथ आगे चल रहा है। हमारा प्रयास है कि अगले सत्र में यहां पर कृषि विश्वविद्यालय का पठन–पाठन का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाए। अक्टूबर 26 तक इन्होंने बिल्डिंग देने के लिए कार्यदायी संस्था और कांटेक्टर ने कहा है और मैंने भी उनको इस बारे में कहा है कि प्रयास करें कि उससे पहले यह इस कार्य को संपन्न करें।***

इसके पहले मुख्यमंत्री ने कुशीनगर के म्यांमार बौद्ध विहार में दिवंगत बौद्ध धर्म गुरु अग्ग महापण्डित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म गुरु की शिक्षाएं सर्व समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेंगी।

**********

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के नगर निगम परिसर से एकता यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही वह एकता शोभायात्रा में भी शामिल होंगे। यह शोभायात्रा नगर निगम से निकलकर गोलघर होते हुए गीता वाटिका के निकट एक पार्क तक जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के अधिकारियों की ओर से इसको लेकर तैयारी की गई है। पदयात्रा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल देर शाम गोरखपुर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि विरासत गलियारा का मुआवजा जल्द दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाले का कार्य भी जल्द पूरा किया जाए।

**********

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपीसिंह बघेल कल प्रयागराज में 'यूपी पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान' के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो. बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा भेजी गई धनराशि से गांवों में स्कूल, सड़क, नाली, चेक डैम और खड़ंजे का निर्माण कराये जाने के साथ बिजली, पानी, सफाई और पौधरोपण के कार्य भी कराये जाते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का पशुपालन विभाग राष्ट्रीय गोकुल मिशन का दूसरा चरण लाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें सर्कुलेटिंग सिस्टम आर.ए.एस. की शुरुआत की जायेगी, इसमें प्लास्टिक के टैंक में मछली पालन की योजना है।

**********

प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने कल अयोध्या में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और मछुआरा समुदाय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में मछुआरों के लिये 140 परियोजनाएं चलाई जा रही है, जिनमें दो परियोजनाएं पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में लगातार दो वर्षो से प्रथम स्थान पर है।

***उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश है मछली उत्पादन में। 2 साल से हमें पूरे देश में एक नंबर का उत्पादन का खिताब मिल रहा है। हम चाहते हैं आत्मनिर्भर बन गया है उत्तर प्रदेश। अब हम दूसरे प्रदेशों और दूसरे देशों को भी मछली उत्पादन में हाईटेक करेंगे।***

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इस कड़ी में आज हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह खाद्य क्षेत्र में जीएसटी सुधार नागरिकों की मदद कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

**नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों को मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए और अधिक किफायती बना दिया है। संशोधित कर ढांचे के अनुसार पराठा, ब्रेड, रोटी, पनीर, अल्ट्रा हाई टेंपरेचर—यूएचटी दूध जैसी मुख्य वस्तुओं पर जीएसटी दरों को पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है। इसी प्रकार मक्खन, घी, गाढ़ा दूध और जैम जैसी वस्तुओं पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है जिससे मध्यम आय वाले परिवारों में इन उत्पादों की मांग बढ़ी है। इसके अलावा प्लांट बेस्ड मिल्क ड्रिंक, चॉकलेट,**

**कोक और बेकरी उत्पादों पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। नए जीएसटी सुधारों ने अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इन उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया है और साथ ही सूक्ष्म तथा लघु उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में उत्पादन को बढ़ावा दिया है। दृष्टि पुन्यानि, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कल गोरखपुर में एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में देश का सर्वाधिक पशुधन है। राज्य में दुग्ध, अंडा, मांस और ऊन उत्पादन काफी बढ़ा है। पशुधन मंत्री ने प्रदेश में गौवंश के संरक्षण और आश्रय की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट हाईब्रिड मोड में संचालित की जा रही है।

***किसान की दोगुनी आय पशुपालन से होगी। खेती और पशु एक दूसरे के पूरक है। खेती है तो पशु है और पशु है तो खेती है। उत्तर प्रदेश में हमारा पशुपालन से हम अच्छी स्थिति में है। देश में दुग्ध उत्पादन में हम नंबर वन है और पशुपालन में भी हम अग्रणी है। उत्तर प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में पशुपालन विभाग सर्वाधिक आगे है।***

पशुधन मंत्री ने बताया कि दुग्ध उत्पादन और नस्ल सुधार के लिये लखनऊ के रहमानखेड़ा में अत्याधुनिक सेक्सड सार्टेड स्ट्रा उत्पादन लैब की स्थापना की जा रही है, जहां लगभग नौ लाख स्ट्रा प्रतिवर्ष उत्पादित होगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 नवंबर को अयोध्या में प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कल राम मन्दिर में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में हैं और इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। निरीक्षण के बाद श्री मिश्र ने निर्माण एजेंसियों के सभी प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

***एक दो चुनौतियां हैं क्योंकि बहुत ऊंचाई पर शिखर है, तो वहां पहुंचाने के लिए कुछ व्यवस्था करनी होगी जिससे कि झंडा शत–प्रतिशत सफलता के साथ रामलला भगवान के मंदिर के ऊपर लहराया जाए। ध्वजारोहण तो देखिए अपने में एक बहुत ही महत्वपूर्ण एक क्रम होता है। भगवान के सभी जो श्रद्धालु हैं उनको एक प्रकार से सूचित किया जाता है कि भगवान अपने गर्भग्रह में स्थापित है। उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो गई। अब पताका भी मंदिर कल लहरा दिया गया है और आप सभी अब आकर के अपनी पूजा अर्चना कर सकते हैं।***

**********

प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए समाज कल्याण विभाग के चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों के पेंशन में कटौती का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरेया जिलों में हुए घोटालों से संबंधित है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण की निगरानी में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई। जिसके बाद उन्होंने समाज कल्याण विभाग को आरोपियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया। साथ ही आरोपियों पर सभी मामलों में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट की वजह से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। इस दौरान सुबह के वक्त कुछ एक स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरा पड़ने की भी संभावना है।

**********